हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 17 मई 2024

06 अग्रवाल महिला मंडल ने की पशु पक्षियों के लिए पानी...



07 कुछ उनकी उदासीनता तो कुछ अपनी लापरवाहियां...





## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण 20 और 21 मई को

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन की मतगणना / डाक मतपत्र गणना 4 जून को निर्धारित है। उक्त कार्य को संपादित करने हेतु आपके कार्यालय के अधिकारी / कर्मचारी (संलग्न सूची अनुसार) को गणना पर्यवेक्षक / गणना सहायक / सूक्ष्म प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया जाना है। मतगणना हेतु प्रशिक्षण 20 एवं 21 मई को समय प्रातः 11.00 बजे से 2.00 बजे तक एवं डाक मतपत्र गणना प्रशिक्षण दोप. 2.30 से 4.30 तक पद्माकर सभागार मोतीनगर चौराहा, सागर में आयोजित किया जाएगा।

### डीएलएड पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**सागर।** प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिये पंजीयन की प्रक्रिया 13 मई से एमपी ऑनलाईन के माध्यम से शुरू कर दी गई है। उक्त संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वे अपना ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 26 मई निर्धारित की गई है।

### हायर सेकंडरी एवं हाईस्कूल पूरक परीक्षा के आवेदन 1 मई से भरे जाएंगे

**सागर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा वर्ष 2024 की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट पूरक परीक्षा के आवेदन-पत्र 01 मई से भरे जा रहे है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी (पूरक परीक्षा) के आवेदन परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक भरे जा सकेगें। पुर्नगणना के फलस्वरूप परीक्षा परिणाम परिवर्तन होने पर इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले छात्र परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व अर्थात 7 जून तक परीक्षा आवेदन भर सकेंगे। पूरक परीक्षा के आवेदन-पत्र केवल ऑनलाईन भरने की विस्तृत प्रक्रिया मण्डल की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

### शांति व कानून व्यवस्थाओं के लिए दंडाधिकारियों को सौंपे दायित्व

**सागर।** पीली कोठी सालाना उर्स 74 वें वर्ष आयोजन के समय 24 मई से 26 मई तक संपन्न किया जाएगा। इस अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालक दंडाधिकारियों को दायित्व सौंपे गये है। जिसके लिए 24 मई को मधुकर शाह वार्ड यादव कालोनी से मदन बाबा के निवास से संदली चादर शाम 4 बजे उठकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पीली कोठी दरगाह पर चढ़ाई जाएगी व मीलाद शरीफ होने के उपरांत प्रातः काल के लिए नायब तहसीलदार विजय चौधरी एव नायब तहसीलदार सुरेश सोनी डयूटी करेंगे। 25 मई को सायं 6 बजे से कब्बाली समाप्ति तक के लिए नायब तहसीलदार सुनील बाल्मीक एवं नायब तहसीलदार विजयकांत त्रिपाठी एवं 26 मई को सायं 6 बजे से कब्बाली समाप्ति तक अधीक्षक भू अभिलेख देवी प्रसाद चक्रवर्ती एवं नायब तहसीलदार हरीश लालवानी डयूटी करेंगें।

### वृद्धाजनों के लिए निःशुक्ल स्वास्थ्य शिविर 20 मई को

**सागर।** 60 वर्ष व उससे अधिक उम्र के वृद्धाजनों के स्वास्थ्य की जांच कर पीड़ति मिलने पर विशेषज्ञों से उनका उपचार कराने की उद्देश्य से जिला चिकित्सालय सागर में आगामी 20 मई को निशुक्ल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 20 मई को सुबह 09 बजे से लेकर सायंकाल 04 बजे तक आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर में 60 वर्ष व उससे अधिक उम्र के वृद्धाजनों के स्वास्थ्य की जांच उपचार और फिजियोथैरेपी परामर्श एवं उपचार की जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

24 मई 2022 को थाना मोतीनगर में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई थी

## शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी पुष्पेन्द्र कुर्मी को भा.द.वि. की धारा 366 के तहत 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा 376(3) के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड तथा पॉक्सों एक्ट की धारा 5(एल)/6 के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा से तृतीय अपर-सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सों एक्ट 2012) नीलम शुक्ला जिला-सागर की अदालत ने दंडित किया। मामले की पैरवी प्रभारी उप-संचालक धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पीड़िता के पिता ने थाना मोतीनगर में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि बालिका 24 मई 2022 को चाचा के साथ मंदिर दर्शन करने जाने एवं चाचा से बाथरूम जाने का बोलकर गई थी जो वापिस लौटकर नहीं आई जिसकी तलाश आस-पास एवं रिश्तेदारी में करने पर उसका कोई पता नहीं चला किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की शंका व्यक्त की। 21 अगस्त 2022 को बालिका के दस्तयाब होने पर उसने अपने कथन में अभियुक्त पुष्पेन्द्र कुर्मी द्वारा उसे बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर इंदौर ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाना बताया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर थाना-मोतीनगर द्वारा धारा 363, 366, 376, 376(2)(एन) भा.दं.सं. एव धारा 3/4, 5एल/6 लैंगिक अपराधो से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। अभियोजन द्वारा अभियोजन साक्षियों एवं संबंधित दस्तावेजों को प्रमाणित किया गया एवं अभियोजन ने अपना मामला संदेह से परे प्रमाणित किया। जहां विचारण उपरांत तृतीय अपर-सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश नीलम शुक्ला जिला-सागर की न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया।

## गढाकोटा पुलिस ने वाहन चोर को गिरफ्तार कर चोरी हुई मोटर साइकल की बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा



पुलिस अधीक्षक महोदय सागर अभिषेक तिवारी के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियो को उनके क्षेत्र अंतर्गत हो रही वाहन चोरी की घटनाओ की रोकथाम करने एवं वाहन चोरो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश सिन्हा तथा एसडीओपी रहली प्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन मे थाना गढाकोटा मे थाना प्रभारी गढाकोटा के नेतृत्व मे वाहन चोरो के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु टीम का गठन किया। मुखबिर तंत्र को लगातार मजबूत किया गया। जिसके तारतम्य मे आज मुखबिर सूचना के आधार पर 12 मई को नगर पालिका भवन के सामने गढाकोटा से चोरी हुई एक काले रंग की टीव्हीएस मोटर साइकल क्र एमपी 34 एमएच 9644 कीमती 50000 रूपये आरोपी यशवंत पिता सरदार कुर्मी उम्र 19 वर्ष निवासी कुमेरिया गढाकोटा सागर के कब्जे से बरामद की गई। आरोपी यशवंत कुर्मी से अन्य चोरी हुए वाहनो के संबंध मे पूछताछ जारी है। जिससे अन्य वाहन चोरी के खुलासा होने की संभावना है।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक रजनीकांत दुबे के नेतृत्व मे सउनि करन मरकाम, आर 274 प्रदीप शर्मा, आर 439 राहुल राय, आर 1363 दिलीप दुबे का सराहनीय कार्य रहा।



### प्रमाण सागर मुनि संघ का गढ़ाकोटा से हुआ मंगल विहार, रात्रि विश्राम हाई स्कूल बरपानी में होगा

**गढ़ाकोटा।** प्रमाण सागर मुनि संघ का आज प्रातः गढ़ाकोटा से चनौआ बुजूर्ग ग्राम की ओर 05 : 30 बजे विहार आरंभ हुआ। संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर108 श्री विद्यासागरजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य गुणायतन प्रणेता, भावना योग प्रवर्तक, शंका समाधान जनक परम पूज्य मुनिश्री 108 प्रमाणसागर जी महाराज, पूज्य मुनिश्री 108 निर्वेगसागर जी महाराज, पूज्य मुनिश्री 108 सन्धानसागर जी महाराज ससंघ का मंगल विहार गढ़ाकोटा, से चनौआ बुजूर्ग की ओर हुआ ।आज की आहार चर्या ग्राम चनौआ में सतीश जैन मेडिकल वालों के निवास पर नवधा भक्ति पूर्वक पढ़ गाहन के उपरांत श्रावकों ने मुनि श्री प्रमाण सागर, मुनि निर्वेग सागर एवं मुनि संधान सागर महाराज समस्त संघ की आहार चर्या हुई। अनिल यादव सरपंच बरपाणी ग्राम द्वारा गांव में प्रवेश पर भव्य अगवानी की गई। जैन मंदिर, चनौआ बुजूर्ग, से विहार में संजय छ्तपुरिया, मृदुल जैन, सचिन बेशाखिया, अमित बमोरी, विनीत हरदी, सौरभ बरपानी, अमित करंदा, हीरू उमरा, मयंक गोदरे, अन्नू चौका, प्राहुल, सतीश मेडिकल, विनोद मासाब,चक्रेश आचार्य, आशाराम सेठ सहित गढ़ाकोटा, चनौआ, परसोरिया, सानोधा, सागर से सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

## तीन दिवसीय शिविर में रक्तदान करके मानव सेवा के पुनीत कार्य में योगदान दें: भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मध्यप्रदेश शासन के पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने अपने सभी शुभचिंतकों और आमजनों से आग्रह किया है कि 17/18/19 मई को दीपाली परिसर में आयोजित तीन दिवसीय रक्तदान शिविर में रक्तदान करके मानव सेवा के पुनीत कार्य में अपना योगदान अवश्य दें। यह तीन दिवसीय रक्तदान शिविर पूर्व मंत्री, वरिष्ठ विधायक भूपेंद्र सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पूर्वमंत्री सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में इस तरह के आयोजन का निरंतर नौवां वर्ष है। विगत आठ वर्षों में आयोजित रक्तदान शिविरों के माध्यम से 9374 यूनिट रक्त एकत्र करके सागर, व भोपाल के ब्लड बैंकों को भेंट किया था जिससे सैकड़ों लोगों की जान बचाई जा सकी। गतवर्ष के रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं की उत्साह जनक भागीदारी से रक्तदान का रिकार्ड बन चुका है। पूर्व मंत्री सिंह ने बयान जारी कर कहा है कि इस बार भी हम अपने इस पुण्य अभियान को पूरे जोश, सक्रियता, संकल्प और भावपूर्णता के साथ संचालित करेंगे। गत वर्ष खुरई में सबसे बड़े ब्लडबैंक के लोकार्पण के साथ सागर जिले के ब्लड बैंकों की रक्त संग्रह क्षमता कई गुना बढ़ी है। इसी के साथ हम सभी का दायित्व है कि जनमानस में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़े। सिंह ने कहा कि विशेषज्ञों का मानना है कि रक्तदान करने से कई प्रकार के स्वास्थ्य गत लाभ होते हैं।पूर्व मंत्री सिंह ने बताया है कि एक सर्वे के अनुसार भारत में हर दो सेकंड में किसी न किसी को रक्त की आवश्यकता होती है। एक बार किया गया रक्तदान तीन जिंदगियां बचाता है। ऐसे जरूरतमंदों के लिए रक्त दाता आशा की किरण की भांति हैं। रक्तदान का सीधा संबंध किसी का जीवन बचाने से है। सिंह ने कहा कि हमारे जीवन की सार्थकता तभी है जब आप किसी के काम आ सकें। सेवा कार्यों से जीवन में जो संतोष मिलता है वह अनमोल है। रक्तदान के माध्यम से की गई सेवा किसी मनुष्य के जीवन में वृद्धि करती है, इसलिए रक्तदान का स्थान सर्वोपरि है। यहां दीपाली प्रांगण में 17/18/19 मई के तीनों दिवस प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक रक्तदान के लिए पूरी तरह प्रशिक्षित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ पूरी चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ रक्तदान कराने हेतु उपस्थित रहेगा।



### मातृ मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न

**सागर।** क्षेत्रीय संचालक डॉ. ज्योति चौहान की अध्यक्षता में आज संभागीय मातृ मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में संभाग के समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, एनएचएम भोपाल से सविता दुबे राज्य सलाहकार बी.एम.सी. से डॉ.जागृति नाहर, डॉ.निधि मिश्रा, डॉ.सुषीला यादव संयुक्त संचालक के साथ-साथ डी.सी.एम./डी.एच.ओ./चिकित्सा अधिकारी/नर्सिंग अधिकारी उपस्थित हुयें। उक्त बैठक में संभाग जिला सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ से 1-1 प्रकरणों का चयन किया जाकर उनकी समीक्षा की गई। निर्देश दिये गये कि आज बैठक में जो भी निशकर्ष निकल रहा है उसका पालन करें तथा कोषिश करें कि आपके जिले में गर्भवती माताओं की जॉंच समय पर एवं उन्हें उचित उपचार प्राप्त हों।डॉ. ज्योति चौहान नें समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये उच्च जोखिम के लक्षण की तत्काल पहचान सुनिष्चित हो एवं उनकी एक जॉंच अनिवार्य रूप से स्त्री रोग विषेषज्ञ के माध्यम से कराई जावें, जिलो में ई-पी.एस.एम.ए. का संचालन निरंतर एवं नियमानुसार किया जाए। समस्त जॉंचो की ऐंट्री समय पर अनमोल पोट्रल पर दर्ज की जाए।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2024: शीर्ष स्थान का लक्ष्य लेकर करें तैयारी: निगम आयुक्त

**सागर।** शहर स्वच्छ रहे और सुंदर दिखे इसके लिए नागरिक अपने शहर की स्वच्छता के प्रति जागरूकता का परिचय देकर शहर को स्वच्छ बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें इसी उद्देश्य को लेकर देश में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है ताकि हर नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक हो और अपने शहर को स्वच्छ बनाए रखने में अपना योगदान दे। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में देश भर के समस्त नगर निगम, नगर पालिकाये और नगर परिषद भाग लेती है और बाहर से आने वाली टीम द्वारा अलग-अलग मानकों के आधार पर स्वच्छता संबंधी किए गए कार्यों का मूल्यांकन कर शहरो को रैंकिंग दी जाती है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारी को लेकर नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने पहले से प्रयास करना शुरू कर दिए हैं ताकि हमारा शहर साफ और स्वच्छ हो और नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता है और वह अपने शहर को स्वच्छ बनाए रखने मे अपने व्यवहार में परिवर्तन लाएं तो स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में शहर को अच्छी रैंक मिल सकती है जिससे शहर ही नहीं हर शहर वासी का भी मान बढ़ेगा। शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग दिलाने के लिए नगर निगम आयुक्त द्वारा अधिकारियों से लगातार पिछले अनुभवों और कर्मियों से सीख लेकर आगे उन कमियों को दूर कर पूरे समन्वय और एक दूसरे के सहयोग से शहर को अच्छी रैंकिंग दिलाने में कार्य करें और पिछली गलतियों में सुधार करके आगे अच्छा कार्य करें तो जरूर स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में नगर निगम सागर को स्थान प्राप्त हो सकेगा। स्वच्छ सर्वेक्षण के लिये सबसे पहले जरूरी है कि हम अपने शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए कचरे का उत्सर्जन कम करें और जो कचरे का उत्सर्जन हो तो वह कचरा सीधे कचरा गाड़ियों में जाए ताकि स्वच्छता बनी रहे, इसलिए इस कार्य को नागरिक अपना कर्तव्य समझकर स्वयं करें और दूसरों को भी करने के लिए प्रेरित करें। और जिस व्यक्ति को खुले में कचरा फेकते देखें तो स्वयं की जागरूकता का परिचय देते हुए उसे रोके और टोके इस प्रकार सम्मिलित प्रयास से हम अपने शहर को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छा स्थान दिला सकते हैं। छोटे-छोटे उपाय से हम नगर को रख सकते हैं- स्वच्छ-नगर को साफ सुथरा रखने के लिए नागरिक छोटे-छोटे से प्रयासों के द्वारा नगर को साफ और स्वच्छ रख सकते हैं और शहर को कचरा मुक्त बना सकते हैं इसके लिए जरूरी है कि नागरिक अमानक पॉलीथिन का उपयोग न करें बल्कि उसके स्थान पर कपड़े और कागज से बने थैलो का उपयोग करें जो उनके स्वास्थ्य के साथ-साथ नगर को स्वच्छ बनाने में भी सहायक सिद्ध होगा।

### निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ

**सागर।** श्रीराम सेवा एवं समाज कल्याण संगठन सागर द्वारा न्यू बस स्टैण्ड आर.टी.ओ. परिसर सागर में निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ 51 मटके रखकर किया गया। श्रीराम सेवा समाज सेवा एवं समाज कल्याण संगठन विगत 30 वर्षों से शहर के अनेकों स्थान पर निःशुल्क प्याऊ का कार्य करते है। श्रीराम सेवा समाज कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पं. महादेव प्रसाद दुबे, राष्ट्रीय स्वयं सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेष वर्मा एवं आशु दुबे द्वारा निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया।

### वनस्पति विभाग के शोधार्थी अमन राज को मिली पीएचडी उपाधि



**सागर।** डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के वनस्पति विभाग के अमन राज को पी.एच.डी की उपाधि मिली है। अमन राज ने "मेटाजीनोमिक एंड मेटाबोलॉमिक इन्वेस्टिगेशन ऑफ बैक्टीरियल मीडिएटेड पेस्टीसाइड डिग्रेडेशन" विषय पर अपना शोध कार्य डॉ. अश्वनी कुमार, एवं प्रो. पी. के. खरे के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। अपने शोध में उन्होंने यह स्पष्ट करने की कोशिश की है कि वैश्विक जनसंख्या, शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण किसानों को अधिक खाद्य पैदा करने की आवश्यकता को कैसे पूरी की जाए। कीटों और जलवायु परिवर्तन से फसलों को खतरा है। कीटनाशकों का उपयोग मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए हानिकारक है, जिससे मिट्टी और पानी प्रदूषित होता है। उन्होंने मिट्टी के सूक्ष्मजीवों की बायोडिग्रेडेशन क्षमता का आकलन किया गया और उनका प्रभावी उपयोग की जांच की। उन्होंने ऐसे फ्रेंडली कीटनाशकों की खोज को आगे बढ़ाया है जो मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं है। बाहरी कीटनाशक न डालकर मिट्टी में ही ऐसे कई तत्त्वों को विकसित किया जा सकता है जो वनस्पतियों की रक्षा कर सकें और इसका स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव भी नहीं पड़ेगा। इस उपलब्धि पर विभागाध्यक्ष प्रो एम.एल. खान, विभाग के शिक्षकों, सहपाठियों एवं मित्रों ने बधाई प्रेषित की है।

मतगणना 4 जून को शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज में की जाएगी

## लोकसभा निर्वाचन की मतगणना की व्यवस्थाओं के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को सौंपे दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

लोकसभा निर्वाचन के तहत दमोह लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत सागर जिले में आने वाली विधानसभा क्षेत्र देवरी, रहली, बंडा एवं सागर लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र बीना, खुरई, सुरखी, नरयावली एवं सागर की मतगणना 4 जून को शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज में की जाएगी। मतगणना स्थल तथा मतगणना कार्यों की व्यवस्थाओं के लिए अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। समस्त अधिकारी सौंपे दायित्वों का समय सीमा में पालन सुनिश्चित कर कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के मध्य प्रस्तुत करेंगे।

मतगणना के कार्यों के लिए प्रभारी अधिकारी एवं सहायक अधिकारी को नियुक्त किया गया है। जिसमें सौंपे गये दायित्वों के अनुसार मतगणना दल गठन एवं रेंडमाइजेशन की व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी संयुक्त कलेक्टर अदिति यादव एवं सहायक अधिकारी के लिए संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मनीष वर्मा, जिला सूचना विज्ञान केंद्र प्रशांत करोले, सहायक संचालक लोक शिक्षण आशुतोष गोस्वामी होंगे।

मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, संयुक्त कलेक्टर अदिति यादव, सहायक अधिकारी के लिए अधीक्षक यंत्री पीएन चौकीकर, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एचएस जायसवाल, कार्यपालन यांत्रिक लोक स्वास्थय यांत्रिकी हेमंत कश्यप, प्रभारी परियोजना अधिकारी सचिन मसीह होंगे।कानून व्यवस्था तथा मजिस्ट्रेट ड्यूटी की व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रुपेश उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिंह तथा सहायक अधिकारी के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं नगर पुलिस अधीक्षक मकरोनिया होंगे।मतगणना प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी संयुक्त कलेक्टर गगन बिसेन, एवं सहायक अधिकारी के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज वाईपी सिंह, शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरखी रमाकांत मिश्रा होंगे।

स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी संयुक्त कलेक्टर गगन बिसेन एवं सहायक अधिकारी के लिए वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी शशिकांत पौराणिक, कार्यपालक यंत्री जल संसाधन अखिलेश बिलथरे एवं जिला कोषालय अधिकारी द्वारा नियुक्त विधानसभा क्षेत्र बार सहायक कोषालय अधिकारी एवं स्टाफ होंगे।

मतगणना एवं सीलिंग सामग्री की व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी संयुक्त कलेक्टर गगन बिसेन एवं सहायक अधिकारी के लिए सहायक नोडल अधिकारी ईवीएम मुकेश कुमार पटेल होंगे।

परिचय पत्र की व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर भव्या त्रिपाठी एवं सहायक अधिकारी के लिए संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग डीएस यादव एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी दिलीप साहू होंगे।

आईटी टीम एवं ईटीपीबीएस की गणना की व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी संयुक्त कलेक्टर गगन बिसेन एवं सहायक अधिकारी के लिए संयुक्त संचालक योजना एवं सांख्यिकी रीता सिंह, जिला सूचना विज्ञान केंद्र प्रशांत करोले, जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस राहुल शर्मा, जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधक अभिनव जैन होंगे।

कंट्रोल रूम एवं कम्यूनिकेशन रूम की व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी संयुक्त कलेक्टर गगन बिसेन एवं सहायक अधिकारी लैब टेक्नीशियन शासकीय कन्या महाविद्यालय राजीव अलेक्जेंडर एवं कंट्रोल रूम की टीम होगी।

चाय स्वल्पाहार भोजन व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी प्रभारी डिप्टी कलेक्टर रोहित वर्मा एवं सहायक अधिकारी जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अनिल तंतुवाय होंगे एवं सहायक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी होंगे।

मीडिया सेंटर की व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी उप संचालक संभागीय जनसंपर्क कार्यालय प्रलय श्रीवास्तव एवं सहायक अधिकारी के लिए जनसंपर्क सहायक संचालक सौम्या समैया एवं प्रभारी जिला जनसंपर्क मनोज नेमा होंगे।

स्वास्थ्य समिति की व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी संयुक्त कलेक्टर अदिति यादव, सहायक अधिकारी के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी एवं उनकी टीम होंगी।

### कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना की तैयारियों का लिया जायजा

**सागर।** मतगणना एजेंट एवं मतगणना अधिकारी-कर्मचारियों के लिए अलग-अलग मार्ग बनाएं। सभी के अलग अलग रंग के प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। साथ ही मीडिया सेंटर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। उक्त निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मतगणना स्थल शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज में लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के लिये की जा रही तैयारियों के निरीक्षण के दौरान दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने मतगणना परिसर के अंदर और बाहर के क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुये आवागमन के मार्गों, प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा की व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, परिसर की सुरक्षा, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग, बैरिकेटिंग मीडिया सेन्टर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर आर्य ने अधिकारियों से कहा कि आयोग के निर्देशानुसार मतगणना 4 जून को की जायेगी। मतगणना की व्यवस्थाओं के लिये विभागों को आवंटित की गई जिम्मेदारियों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर लें। मतगणना कार्य से जुड़े सभी अधिकारी आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करें। सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस कर्मियों को परिसर का सुरक्षा घेरा और प्रवेश द्वारों पर पूरी सजगता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिये गये।इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर गगन बिसेन, संयुक्त कलेक्टर अदिति यादव, डिप्टी कलेक्टर भव्या त्रिपाठी, एसडीएम रोहित वर्मा, पीडब्लूडी के अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने मतगणना स्थल के निरीक्षण के बाद स्ट्रांग रुम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों एवं एलईडी स्क्रीन की जांच की। साथ ही स्ट्रांग रुम की सुरक्षा में मुस्तैद सुरक्षा प्रहरियों को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

## प्रतापपुरा में लगाया आयुष चिकित्सा शिविर



**बम्हौरी बराना** । आयुष पद्धति का प्रचार-प्रसार एवं आमजन मानस में जागरूकता लाने के लिए प्रमुख सचिव तथा आयुक्त संचनालय आयुष मध्य प्रदेश शासन भोपाल के आदेश अनुसार जिला कलेक्टर टीकमगढ़ के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार अहिरवार के मार्गदर्शन में बुधवार के दिन ग्राम प्रतापपुरा में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।
आयोजित किए गए इस शिविर में 87 रोगियों की जांच कर उन्हें रोग अनुसार औषधी प्रदान की गई शिविर में वात रोग, कास, चर्म रोग, स्त्री रोग, उदर रोग, श्वास, ज्वर आदि रोगों की दवा प्रदान की गई। मौसमी बीमारी से बचाव के उपाय बताए गए एवं आयुष क्योर एप की जानकारी दी गई । शिविर में डॉक्टर स्वेच्छा खरे सीएएमओ, कमलेश नायक कंपाउंडर, शकुंतला नायक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, बलवान सिंह औषधालय सेवक एवं पीटीएस अवधेश बाल्मीकि ने उपस्थित रहकर शिविर में सहयोग प्रदान किया।

## नरवाई ना जलाएं, भूमि बनाएं उपजाऊ

**टीकमगढ़** । खेतों में नरवाई जलाने के लिये आग लगाने से भूमि में उपस्थित सूक्ष्म जीव जलकर नष्ट हो जाते है। जिससे जैविक खाद का निर्माण बंद हो जाता है। आग लगाने से भूमि की ऊपरी परत में उपस्थित पोषक तत्व नष्ट हो जाते है। भूमि कठोर हो जाती है, जिससे भूमि की जलधारण क्षमता कम हो जाती है। यह जानकारी उप संचालक कृषि जिला टीकमगढ एके शर्मा द्वारा दी गई है। उप संचालक कृषि जिला टीकमगढ शर्मा द्वारा बताया गया है कृषि विभाग का मैदानी अमला कृषको से सम्पर्क कर नरवाई जलाने से होने वाली हानि को बता रहा है, नरवाई नही जलाने के लिये जागरूक कर रहा है एवं नरवाई जलाने पर शासन द्वारा लगाये जाने वाले आर्थिक दंड की भी जानकारी प्रदान कर रहा है। उनके द्वारा सभी किसानों से अनुरोध किया गया है कि फसलों की कटाई के बाद नरवाई ना जलाये और किसानो को सलाह दी जाती है कि गेहूँ की कटाई के बाद गेहूँ की डंठलो को रोटावेटर चला कर बारीक कर सकते है। गहरी जुताई करके डंठलो को मिटटी मे मिला सकते है। जिससे जैविक, कम्पोस्ट खाद तैयार होगी और नरवाई जलाने के दुष्परिणामों को कम किया जा सकता है। ज्ञातव्य है कि रबी मौसम की फसलों की कटाई तेजी से हो रही है और खरीफ मौसम की फसलो की बुवाई के लिये किसान भाई कटाई के बाद बची नरवाई में आग लगा देते है, जिससे पर्यावरण प्रदूषित होता है, भूमि की उर्वरा शक्ति भी कम होने लगती है एवं कभी-कभी आग फैलने से किसानों की फसले भी नष्ट हो जाती है।

# ग्राम पंचायत पुरेनिया के शिविर में किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कलेक्टर अवधेश शर्मा के आदेशानुसार ग्राम पंचायत पुरेनिया माध्यमिक शाला में नागरिकों को स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति जागरूक करने एवं घर पर होने वाले प्रसव को रोकने की उद्देश्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर एनएचएफडीसी फाउंडेशन नई दिल्ली एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया।



शिविर में जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ से डॉ. ओपी अनुरागी नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. योगेश यादव मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ. जोशना ठाकुर ईएनटी विशेषज्ञ, डॉ. नेहा नंदन चौरसिया महिला चिकित्सक द्वारा मरीजों का उपचार किया गया एवं आवश्यक दवाइयां दी गईं। शिविर में आयुष्मान भारत के कार्ड बनाए गए। एडल्ट बीसीजी के टीके लगाए गए। शासकीय स्वास्थ्य संस्था में उपलब्ध सेवाएं व योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राम पुरेनिया, भदर्रा, किशनपुरा हथगोरा, बन्ने बुजुर्ग, रामनगर के ग्रामीणजनों ने शिविर में जाकर इलाज कराया एवं आवश्यक परामर्श प्राप्त किया।

इस अवसर पर एसडीएम जतारा शैलेंद्र सिंह, खंड चिकित्सा अधिकारी पलेरा ने आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ ग्रामीण जनों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में मुख्य रूप से खंड चिकित्सा अधिकारी पलेरा डॉ. महेंद्र पटेल, एनएचएफडीसी फाउंडेशन नई दिल्ली मनु मिश्रा, ग्राम पंचायत पुरेनिया सरपंच, सचिव सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता व्यवस्था में उपस्थिति रहीं। दवाइयां एनएचएफडीसी फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराई गई। शिविर में 400 से ज्यादा लोगों ने उपचार का लाभ लिया।

## महेन्द्र सागर तालाब में तैरती मिली महिला की लाश, पुलिस जुटी जांच में



**टीकमगढ़**। नगर के महेंद्र सागर तालाब में बुधवार की शाम लगभग 4 बजे एक महिला का शव तैरता मिला। इस घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने थाना कोतवाली पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को तालाब से बाहर निकलवाया। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से महिला की शिनाख्त कराई तो पूछताछ के दौरान जानकारी मिली की यह ताल दरवाजा निवासी 55 वर्षीय महिला साधना मिश्रा के रूप में की गई। घटना की जानकारी लगते ही महिला के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करने के बाद शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों से महिला की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस घटना के पीछे के कारणों की जानकारी करने के लिए जांच कर रही है।

## परेड ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा यातायात सुरक्षा एवं समर कैंप, बच्चों को बताएंगे नियम



**टीकमगढ़**। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के मार्गदर्शन व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राहुल कटरे के तत्वावधान में यातायात पुलिस द्वारा आगामी एक सप्ताह तक समर कैंप में शामिल समस्त बच्चों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियम कानून एवं यातायात संचालन में उपयोग की जा रही नवीनतम तकनीक की जानकारी दी जाएगी।
यातायात प्रशिक्षण का शुभारंभ गुरूवार 16 मई 2024 को सुबह 6:00 बजे पुलिस लाइन ग्राउंड पर किया गया एवं समापन 23 मई 2024 को सुबह होगा। जिसमें प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन के लिए उपहार भेंट किए जाएंगे।

## जनमन योजना के तहत एसडीएम ने ली बैठक



**गंजबासौदा**। नगर के तहसील परिसर स्थित पटवारी सभा कक्ष में एसडीम विजय राय ने तहसीलदार संदीप जायसवाल एवं अधिकारी कर्मचारियों के साथ एक बैठक आयोजित की। जिसमें पंचायत सचिव, पटवारी, शिक्षक आदि तमाम विभागों के आला अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिसमें उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पानी, बिजली एवं पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को होने वाली समस्याओं के विषय में विस्तार से जानकारी ली और विचार विमर्श किया। अधिकारियों को समझाइश दी गई कि किस तरीके से समस्याओं को सुलझाना है। हितग्राही आदि लोग परेशान ना हो इसके लेकर क्या करना है। वहीं पीएम जनमन योजना के सम्बंध में समस्त पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक की बैठक ली गई। जिसमें अनुभाग बासौदा में उक्त योजना अंतर्गत शासन निर्देशानुसार कार्रवाई कर शीघ्र कार्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसमें आदिवासी वर्ग के लोगों के जातिप्रमाण पत्र बनाने को लेकर और उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के संबंध में निर्देशित किया गया। साथ ही वरिष्ठ अधिकारी से प्राप्त दिशा निर्देश अधिनस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को प्रदान किये गये। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी बासौदा, तहसीलदार बासौदा व त्योंदा ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अनुभाग अंतर्गत कार्यरत पटवारी, राजेगार सहायक, सचिव आदि उपस्थित रहे।

सभी सी की इन मूक पशु-पक्षियों के लिए पानी रखने की अपील

# अग्रवाल महिला मंडल ने की पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

नगर में अग्रवाल महिला मंडल द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए मूक जानवरों गाय भैंस, बैल, कुत्ता सहित अन्य जानवरों व पक्षियों आदि के लिए पीने के पानी की हौदी (टंकी) रखी गई व उनकी सेवा की गई। मंडल की पूनम अग्रवाल ने बताया कि इस भीषण गर्मी में रोड पर घूमने वाले मवेशियों के लिए पीने के पानी की हौदी घर के दरवाजे पर रखी गई।



हमारे कुछ भाई-बहन जिन्हें जानवर पालने का तो शौक है लेकिन जब वही जानवर उनके मतलब के नहीं रहते या फिर वह उनकी सेवा में अक्षम होते हैं तो उन्हें आवारा छोड देते हैं। वह उनके खाने पीने का भी ख्याल नहीं रखते। पालतू जानवरों के साथ-साथ आवारा कुत्ते और सांड आदि भी रोड पर भूखे प्यासे सडकों पर घूमते रहते हैं।

इसी को ध्यान में रखते हुए अग्रवाल महिला मंडल की बहनों ने अपने घर के बाहर हौदी रखकर उसमें पानी भरा कर उनके लिए व्यवस्था की गई, जिससे गर्मी में घूमते जानवरों की प्यास बुझ सके। अग्रवाल महिला मंडल की बहनों ने सभी से अपील करते हुए कहा है कि आप सब भी अपने अपने घर के बाहर पानी भर कर रखें जिससे जानवरों व पक्षियों की प्यास बुझ सके और पानी के अभाव में कोई भी जानवर काल का ग्रास न बन सकें।

कार्यक्रम में पूनम- केके अग्रवाल, पूनम- आशीष अग्रवाल, सीमा- अनिल अग्रवाल, सीमा- संजय अग्रवाल, ममता अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, सुधा लोहिया, नीता लोहिया, माला लोहिया, सुमन लोहिया, प्रियंका अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल, मंजू संतोष अग्रवाल, मंजू-गनेश अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, पूनम-गनेश अग्रवाल, शालिनी लोहिया, हेमलता लोहिया, स्मृति अग्रवाल सहित अनेक अग्रवाल बहनें उपस्थित रहीं । सभी ने इन मूक पशु व पक्षियों की जीवन रक्षा के लिए हौदी, सकोरों सहित चीजो में पानी में पानी रखने की अपील की ।

## शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुंचतेः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आकांक्षी ग्राम परियोजना एवं प्रोजेक्ट दक्ष के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने कहा कि शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुचते। बच्चो की बुनियाद मजबूत करने शिक्षको को अनुशासित होना पडेगा। शत प्रतिशत बच्चो को परीक्षा मे शामिल नही होना उत्तीर्ण नही होना यह हमारी कार्यप्रणाली को रेखांकित करती है। उक्त जानकारी शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रथ्वीसिंह रघुवंशी ने देते हुए विज्ञप्ति जारी कर बताया कि
यह हमारे जिले के मुखिया के विचार विचारणीय हैं। हमें कलेक्टर की इच्छानुरूप सुधार करने की आवश्यकता है जिससे हमारी शासकीय शालाओ मे पढ रहे छात्र प्राइवेट शालाओ को सोचने मजबूर कर दें कि शिक्षा के साथ प्रत्येक क्षेत्र मे हमारे छात्र अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने हमें विशेष कृपा से नवाजा है अगर नियति को हमसे और कोई काम करवाना होता सिर्फ पैसे ही कमवाना होते तो हमसे शिक्षादान जैसा पुनीत पवित्र कार्य करवाने का दायित्व क्यो देता। उन्होंने शिक्षको को संदेश देते हुए कहा कि हर कक्षा का सिलेबस तो साइडो पर है लेकिन छात्रो को कैसे पढना है उनमे कैसे संस्कार हों वह कैसे आगे बढे यह शिक्षक ही बता सकता है। छत सीढी नही होती लेकिन ऐसी कोई छत नही होती जिसमे सीढी ना हो मतलव हमे छात्रो को सही रास्ता सही दिशा देने की जबाबदारी हमारी है। श्री रघुवंशी ने कहा कि धर्म के साथ हमे हमारे कर्म का उचित वेतन भी मिल रहा है जिसकी वजह से हम हमारा परिवार एक सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर रहा है। अगर हम यह सोच बना ले कि हमारी शालाओ में जो छात्र है वह हमारे बच्चे ,हमारा परिवार है और उन्हे शिक्षा के साथ साथ संस्कार, सभ्य ,व्यवहारिकता अनुशासन का कैसा ज्ञान देना है। उनकी प्रगति कैसे हो वह आगे कैसे बढें यह सोच ले तो निश्चित ही हम एक अच्छे शिक्षक की भूमिका निभा सकते है।

## मिट्टी नमूना एकत्रीकरण कैंप में किसानों से लिए नमूने

**गंजबासौदा**। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग विदिशा के जिला प्रमुख उपसंचालक के एस खपेड़िया के नेतृत्व में, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी महेंद्र सिंह ठाकुर एवं सहायक कृषि यंत्री विदिशा शाक्या के मार्गदर्शन में ग्राम पायरी पंचायत जोगीकिर्रोदा विकासखंड नटेरन में कैंप आयोजित किया गया। जिसमें कृषकों के खेतों में जाकर शत प्रतिशत कृषकों के मिट्टी नमूना का लक्ष्य निर्धारित कर कृषकों के खेतों से मिट्टी नमूने लिए गए। कैंप में नीति आयोग विदिशा के रविन्द्र धाकड़ एवं शर्मा , प्रेमसिंह राजपूत, प्रगतिशील कृषक विश्वनाथ सिंह राजपूत आदि मौजूद थे।

## वाचनालय संघ ने मनाई महामना केवट और सुखदेव की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा शहीद सुखदेव थापर, महामना केवट की जयंती एवं विश्व परिवार दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिसमें स्व नारायण सदाशिव पिंगल सेवा संस्थान के सदस्य सुनील बाबू ने स्व सुखदेव थापर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सदी का महानायक बतलाया। इसी तरह उन्होंने केवट जी के जीवन और विश्व परिवार दिवस के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा आज आवश्यकता इस बात की है कि हम महानायकों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सार्थक बनाएं। संचालन करते हुए पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी, पंडित गोपाल शर्म, नित्य प्रकाश शर्मा ने विश्व परिवार दिवस की कल्पना को साकार करने का संकल्प भी दिलाया। अधिवक्ता सुनील भावसार, सुरेश अरोड़ा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी। आभार व्यक्त करते हुए वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने बताया कि सर्वप्रथम विश्व परिवार दिवस 1993 में मनाया गया था। इस अवसर पर कैलाश नेमा, सोनू शिवहरे, गुलाब मेना, नंदकिशोर सोनी, गोपाल ठाकुर, टीपू सोलंकी सहित पाठक संघ के सदस्य उपस्थित थे।

गुरु गोरखनाथ का जन्मोत्सव 23 मई को उत्साह से मनाया जाएगा

# जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकली कलश यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को गुरु गोरखनाथ के जन्मोत्सव के उपलक्ष में गुरु गोरखनाथ जी की संगीतमय कथा के पूर्व एक विशाल कलश कलश यात्रा निकली गई। ज्ञात हो कि श्री धाम बासौदा दरबार में शिव अवतारी गुरु गोरखनाथ का जन्मोत्सव 23 मई दिन गुरुवार वैशाख सुदी पूर्णिमा को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में एक कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के उपलक्ष्य में एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा त्योंदा रोड पुरानी गल्ला मंडी स्थित सिद्धेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक, सावरकर चौक, राजेंद्र नगर चौराहा, होकर भगवान रामदेव मंदिर श्री धाम दरबार पहुंची। जहां विधिवत पूजन अर्चन के साथ उसका समापन किया गया। इससे पूर्व कलश यात्रा का जगह जगह नागरिकों, जनप्रतिनिधयों ने पुष्पवर्षा कर एवं आरती उतारकर स्वागत किया। इसी के साथ कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को जलपान भी कराया गया। जहां शिव अवतारी गुरु गोरखनाथ जी के जन्मोत्सव उपलकक्ष्य में गुरु गोरखनाथ की संगीतमय कथा दिनांक 16 मई गुरुवार से 22 मई दिन बुधवार तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित की जाएगी। पंडित हरिनारायण पाठक कथा वाचन करेंगे।

## चोरी गई इलेक्ट्रिक बाइक और उसमें रखे रुपए बरामद

**गंजबासौदा**। पुलिस ने चोरी गई इलेक्ट्रिक बाइक और उसमें रखे एक लाख रुपये बरामद कर लिए हैं। विगत दिवस फरियादी दीवान सिह उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम ललोई ने सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपनी पुत्री कुमकुम रघुवंशी को पातालकोट से लेने स्टेशन गया हुआ था। जहां अपनी इलेक्ट्रिक बाइक को स्टेशन के बाहर खड़ा कर पुत्री को लेने चला गया। बाहर आकर देखा तो उसकी स्कूटी बाहर नहीं थी वहीं स्कूटी की डिग्गी में 1 लाख रुपये रखे हुए थे। जिस पर फरियादी ने तत्काल सिटी थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उक्त स्कूटी नेहरू चौक स्थित आईसीआईसीआई बैंक के बाहर खड़ी मिली, जिसकी पहचान फरियादी द्वारा की गई। पुलिस ने उक्त रकम व स्कूटी सहित फरियादी दीवान सिंह को उसके चाचा के पुत्र नरेश के समक्ष सुपर्द की गई।

# कालसेन भैरव बाबा मंदिर पर बड़ी छट पर किया गया विशेष अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी वैशाख माह की बड़ी छठ मंगलवार को कलयुग के पालनहार शक्ति के दाता भगवान शिव के अंश अवतार श्री कालसेन भैरव बाबा मंदिर गांधी चौक पर धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर दरबार को विशेष प्रकार से फूलों से सजाया गया। सुबह 9 बजे विशेष पूजन अभिषेक, दोपहर 12 बजे भगवान श्री सत्यनारायण व्रत कथा, हवन के पश्चात श्री कालसेन भैरव बाबा की महाआरती के उपरांत अनेक धार्मिक आयोजन किए गए। कार्यक्रम के दौरान कन्याभोज एवं प्रसादी का वितरण किया गया। दीपक तिवारी ने बताया कि बाबा के दरबार में आसपास ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर के व दूर-दूर से भक्त अनेकों जिलों से आकर के मन्नत पूरी करते हैं। मुंडन संस्कार होते हैं। बाबा का स्थान 441 वर्ष पुराना है बाबा के दरबार में प्रत्येक शनिवार को दोपहर 12 बजे विशेष आरती होती है बाबा के दरबार में श्री गणेश, हनुमान महाराज, शिव परिवार, बली बाबा, गोड़ बाबा, आशु मैया, बंजारे बाबा, आसन देव के स्थान भी हैं।



कार्यक्रम में मंदिर के व्यवस्थापक दीपक तिवारी पंडित द्वारका प्रसाद तिवारी, राजू भैया, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, मुन्ना महाराज, पूर्व पार्षद योगेन्द्र समैया पप्पू भैया, रामस्वरूप शर्मा, संतोष कुशवाहा, केशव हाडा, विजय अरोरा, रामू तिवारी, लकी सोनी, शुभम हाडा, शरद जैन, भुजबल कुशवाहा, वीरू जैन, भारत पाठक, शिव मोहन पाराशर, कमलेश दुबे, लखन रघुवंशी का सहयोग रहा।

## चंबल नहर में सवारियों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली गिरने के बाद यातायात अव्यवस्था पर चिंता

# कुछ उनकी उदासीनता तो कुछ अपनी लापरवाहियां ले रही जान, हादसों का सफ़र बनकर रह गई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कुछ उनकी (सरकारी) उदासीनता तो कुछ अपनी लापरवाहियां ले रही जान, हादसों का सफर बनकर रह गई जिंदगी। यह जुमला बुधवार को ढोढर थाना क्षेत्र में चंबल नहर में सवारियों से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली के गिरने से हुई चार मौतों पर सटीक बैठ रहा है। यह कोई पहला अवसर नहीं है जब इस तरह की हृदय विदारक घटना घटित हुई, इस तरह के हादसे जिले में आए दिन होते रहती हैं लेकिन इन हादसों से सबक लेने के बजाय शासन प्रशासन और आमजन लगातार यातायात नियमों की अनदेखी कर हादसों को आमंत्रण देता आ रहा है।



### बारात का मुख्य साधन बनी ट्रैक्टर ट्रॉली

श्योपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बारात ले जाने का मुख्य साधन आज भी ट्रैक्टर ट्रॉलिया ही हैं। कराहल विकासखंड जैसे आदिवासी क्षेत्र में तो 90 फीसद से अधिक शादी ब्याह में बारात और दूसरे मांगलिक कार्यों में आवाजाही का साधन सिर्फ ट्रैक्टर ट्रॉली ही है। श्योपुर और विजयपुर विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में भी ट्रैक्टर ट्राली में ही बारात का चलन अभी तक चल रहा है। ट्रैक्टर ट्रॉली सफर के लिए नहीं कृषि कार्य के लिए उपयोगी संसाधन है लेकिन सफर के लिए इसका उपयोग करना हादसों को निमंत्रण देना ही है। हर साल अक्षय तृतीया के समय इस तरह के हादसे आम बात हैं।




### जर्जर पुल पुलिया ले रही जान

कहने को तो जिले में सड़कों का जाल बिछा हुआ है हर गांव को मुख्य सड़क से जोड़ा गया है और हाईवे अपडेट चमचमाते हुए दिखाई दे रहे हैं लेकिन इन हाईवे पर जगह-जगह टूटे हुए पुल पुलिया हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं। कई वाहन इन टूटे हुए पुल और पुलिया में दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। आश्चर्य वाली बात तो यह है कि जिन्हे ये जिम्मेदारी सौंपी गई है वो जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से आंखे मूंदे हैं।

### हादसों को आमंत्रण दे रहे ओवरलोड वाहन जिम्मेदार मोन



हादसों को सबसे अधिक आमंत्रण ओवरलोड वाहन दे रहे हैं। कृषि उपन्यत्र में काम आने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली लोडिंग वाहन का काम कर रहे हैं और सवारी के लिए उपयोग में आने वाले जीप कार मालवाहक वाहन बन गई हैं। जान से खिलवाड़ करने वाले इन ओवरलोड वाहनों को रोकने की जिम्मेदारी जिस ट्रैफिक पुलिस को दी गई है वो ट्रैफिक पुलिस इन ओवरलोड वाहनों को रोकने के बाद आधा एक घंटा खड़ा कर बिना कार्रवाई के कैसे छोड़ देती है यह भी विचारणीय प्रश्न है। ट्रैफिक पुलिस की अधिकतर कार्रवाई सिर्फ दो पहिया वाहन चालकों पर हेलमेट न लगाकर ड्राइविंग करने के आरोप में सिर्फ चालान तक सीमित है।

## संकल्प के साथ मनाया गया राष्ट्रीय डेंगू दिवस, ली शपथ

# 'हम सबने ठाना है डेंगू मलेरिया को मिटाना है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



हम सबने ये ठाना है डेंगू, मलेरिया को जड़ से मिटाना है। यह नारा गुरुवार को जिला अस्पताल परिसर में मलेरिया डेंगू उन्मूलन अभियान में जुटे स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ताओ ने मलेरिया एवं डेंगू के समूह नाश के लिए ली गई शपथ के दौरान गुंजाए मान हुआ।

बुधवार 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू उन्मूलन दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय श्योपुर में जिला स्वास्थ्य समिति एनवीबीडीसीपी एंव फैमिली हैल्थ इंडिया की एम्बेड परियोजना द्वारा संयुक्त रूप से स्टाल लगाकर डेंगू, मलेरिया जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान चलाते हुये डेंगू मुक्त श्योपुर की शपथ भी दिलवाई गई एंव संकल्प हस्ताक्षर अभियान में स्वास्थ्य विभाग, एम्बेड परियोजना का स्टॉफ व अस्पताल में आ रहे मरीज एंव अन्य व्यक्तियों के हस्ताक्षर करवाकर सकंल्प दिलवाया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिन्दल एंव फैमिली हैल्थ इंण्डिया के जिला समन्वयक पुनीत शर्मा ने मच्छर से बचाव हेतु महत्वपूर्ण जानकारिया दी।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे एस राजपूत, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कौरव,जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एस.एन बिंदल,जिला क्षय अधिकारी डॉ यतेंद्र रावत, डाटा एंट्री ऑपरेटर अमित गुप्ता ,मलेरिया निरीक्षक श्याम लाल बाथम, एवं अन्य स्वास्थ्य स्टाफ के साथ साथ एम्बेड जिला समन्वयक पुनीत शर्मा , ब्लॉक कार्डीनेटर विपिन आचार्य और रामराज गुर्जर उपस्थित रहे।उधर जिला स्वास्थ्य सीमित एवं गोदरेज द्वारा संचालित फेमिली हेल्थ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कराहल में भी राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बीएमओ कराहल डॉ. सुरेश सोनी, एमआई नरसिंह गौड, एमटीएस रामगोपाल रावत, फैमिली हेल्थ इंडिया के ब्लॉक कोर्डिनेटर सुरेन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।

## ग्राम बडोदिया घाट का मामला, ग्रामीणों ने की बिजली कंपनी से शिकायत

# बिजली डीपी की जर्जर केबलों से निकल रही चिंगारी,हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा तहसील की ग्राम पंचायत कुहांजापुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़ोदिया घाट में गांव के बाहर लगी सरकारी डीपी की केबिल जर्जर हो गई है। प्लास्टिक जल जाने से तार निकल आए है,जिनसे आए दिन चिंगारियां निकल रही है। इससे हादसे की आशंका निर्मित हो रही है। लेकिन बिजली कंपनी के अधिकारी इस जर्जर केवल को बदल नहीं रहे है। जिससे बिजली कंपनी की लापरवाही उजागर हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि डीपी से चिंगारी निकालने की वजह से मंगलवार की शाम को यहां आग लग गई। इसको लेकर गांव के लोग सक्रिय हो गए,जिन्होंने आग को गंभीर रूप धारण करने से पहले ही बुझा दिया। फिर भी आसपास बने बाडे और खेत में रखा सामान जल गया। इसके पहले यहां एक गाय की केवल के तारों से निकले करंट के कारण मौत हो गई। हादसे की आशंका



से भयभीत बने ग्रामीणों ने बिजली कंपनी से इस मामले की शिकायत करते हुए जर्जर केबिल को जल्द बदले जाने की मांग की है।

### कराहल थाने पहुंचकर वघेल ने संभाला प्रभार, केवट को मानपुर की जिम्मेदारी

**श्योपुर।** काफी दिनों से उप निरीक्षक के भरोसे चल रहे कराहल थाने को अब नया टीआई मिल गया है। कराहल के नए टीआई महाराज सिंह वघेल ने कराहल पहुंचकर विधिवत रूप से कराहल थाना प्रभारी का प्रभार संभाल लिया है। उधर मानपुर थाने की जिम्मेदारी उप निरीक्षक सियाशरण केवट को मिल गई है। बताना होगा कि कराहल टीआई संजीव तिवारी, डीएसपी के पद पर पदोन्नत होकर यहां से रिलीव हो गए। उनकी जगह कराहल में दूसरे टीआई की पदस्थापना होती,उसके पहले ही लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग गई। जिसके चलते कराहल टीआई की पोस्टिंग अट गई। हालांकि पुलिस कप्तान की ओर से कराहल थाने में टीआई की पोस्टिंग के लिए चुनाव आयोग से अनुमति मांगी गई। अनुमति के लिए तीन इंस्पेक्टरों के नाम चुनाव आयोग को भेजे गए। लेकिन लोकसभा चुनाव के मतदान तक चुनाव आयोग की अनुमति नहीं सकी। जिसकारण टीआई स्तर वाले कराहल थाने का प्रभार उप निरीक्षक योगेन्द्रनाथ शर्मा संभाल रहे थे। लेकिन चुनाव आयोग की अनुमति आने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद के द्वारा टीआई महाराज सिंह वघेल की पोस्टिंग बतौर थाना प्रभारी कराहल में कर दी गई। चुनाव ड्यूटी से लौटने के बाद टीआई वघेल ने कराहल थाना प्रभारी का प्रभार संभाल लिया। उधर मानपुर टीआई के निलंबित हो जाने के चलते खाली हुए मानपुर थाने का प्रभार यहां पदस्थ उप निरीक्षक सियाशरण केवट को सौंपा गया है।

# गांधीपार्क और जयस्तंभ चौक के बीच पार्किंग स्थल चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बाजार में अव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था से निजात दिलाने के उद्देश्य कलेक्टर लोकेश कुमार के निर्देश पर नगर पालिका और ट्रैफिक पुलिस ने गुरुवार को जय स्तंभ चौक से गांधी पार्क तक सड़क किनारे पार्किंग स्थल चिन्हित करने का काम किया। अब यहां पर सिर्फ दो पहिया और चार पहिया वाहन पार्क किए जाएंगे। कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार प्रेमलता पाल, ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत, सीएमओ सतीश मटसेनिया की अगुवाई में नगर



पालिका अमला और पुलिस बल ने अल सुबह बाजार में खड़े चाट, बिरयानी, पोहा आदि के ठेलो को हटाकर उनके स्थान पर सड़क किनारे दोनों और पार्किंग के लिए लाइन डाली। इस दौरान दो लापरवाह ठेले वालों पर जुर्माना की कार्रवाई भी की गई।

### रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल, महिला भृत्य सस्पेंड

श्योपुर। ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर 2000 की रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल होने के मामले में तहसील कार्यालय श्योपुर की भृत्य गीता शाक्य को निलंबित कर दिया है। बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक महिला किसी अभ्यर्थी से ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर 2000 रूपए रिश्वत की बातें करते दिख रही थी हालांकि बात स्पष्ट नहीं थी लेकिन बात से कयास लगाए जा रहे थे कि महिला संबंधित से लेनदेन की बात कर रही है इस मामले को कलेक्टर लोकेश कुमार ने गंभीरता से लेते हुए उक्त महिला कर्मचारी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है।

### डोडा चूरा के मामले में के दोषी को तीन साल सश्रम कारावास

श्योपुर। आवदा थाना पुलिस ने तीन साल पहले ग्राम तलावडा निवासी मंगल जाट पुत्र बालाराम जाट को मुखबिर की सूचना पर एक किलो 100 ग्राम डोडा चूरा के साथ पकडा था और फिर मामला दर्ज कर चालान विशेष न्यायालय श्योपुर में प्रस्तुत किया। विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि विशेष न्यायालय ने आरोपी मंगल जाट को दोषी मानते हुए तीन साल के सश्रम कारावास और 5 हजार के जुर्माने की सजा सुना दी है।

# गलती से खाते में ट्रांसफर आए 50 हजार रुपए, नप उपाध्यक्ष ने लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नगर परिषद बड़ौदा के उपाध्यक्ष धारा सिंह बंजारा ने ईमानदारी का परिचय देते हुए उनके बैंक अकाउंट में गलती से किसी महिला द्वारा डाले गए 50 हज़ार रुपए लौटा दिए गए। धारा सिंह की इस ईमानदारी की सोशल मीडिया पर खूब प्रशंसा हो रही है।

दरअसल उज्जैन जिले की रहने वाली आरती नामक महिला को अपने किसी परिचित के बैंक खाते



में 50 हजार रुपए डालने थे लेकिन गलती से वह रुपए धारा सिंह बंजारा के बैंक अकाउंट में डल गए। महिला ने धारा सिंह को फोन लगाकर अपनी गलती का एहसास किया तो धारा सिंह ने पहले यह संतुष्टि कि संबंधित कॉल कोई फ्रॉड कंपनी सायबर ठग का तो नहीं है इसलिए उन्होंने पहले आधार और आईडी नंबर मांगे और तसल्ली हो जाने के बाद जो 50 हज़ार रुपए दारा सिंह के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर हुए थे उसे वापस आरती के खाते में लौटाकर अपनी ईमानदारी का परिचय दिया।

# प्रोविजनल पीरियड में डीडीए पावर देने की भोपाल से मनाही, अब गर्ग निकालेंगे वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर विकासखंड के शिक्षकों और शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन अबूझ पहेली बन गया है। विभाग जब भी वेतन निकालने की स्थिति में आता है कोई ना कोई तकनीकी पेंच ऐसा फंस जाता है कि फिर वेतन मिलने की उम्मीद एक-दो दिन आगे बढ़ जाती है। कलेक्टर लोकेश कुमार के प्रयास के बाद नवागत खंड शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा को डीडीए पावर भी उपलब्ध करा दिए गए थे लेकिन अचानक भोपाल से फरमान आ गया कि परिवीक्षा अवधि के दौरान अधिकारी को डीडीए पावर न दिए जाएं, जिसके बाद फिर पुरानी कवायद शुरू करते हुए तत्कालीन बीईओ एमएल गर्ग के डीडीए पावर से ही वेतन निकालने का निर्णय लिया गया।पर यह वेतन कब निकलेगा यह बात फिलहाल अबुझ पहेली बना हुआ है।

सरकार में पीएससी सिलेक्ट ऑफीसरों को शिक्षा विभाग में संयुक्त संचालक पद पर पदस्थ करने का निर्णय लिया है। इस क्रम में जिले में मधु शर्मा के रूप में भी पीएससी सिलेक्ट ऑफिसर को सहायक संचालक बनाकर भेजा था पर यहां पर पूर्व से ही यश जैन के रूप में पीएससी सिलेक्ट ऑफिसर सहायक संचालक पदस्थ थे। जिसके चलते कलेक्टर लोकेश कुमार ने उन्हें खंड शिक्षा अधिकारी श्योपुर का प्रभार दिला दिया। इस प्रभार



के बाद परेशानी वेतन आहरण की निर्मित हो गई। प्रोविजनल पीरियड में होने के कारण मैडम के पास डीडीए पावर नहीं थे जिसके चलते निर्णय लेना पड़ा कि तात्कालीन बीईओ एमएल गर्ग के डीडीए पावर से ही वेतन निकाला जाए, लेकिन कलेक्टर ने अपने प्रभाव का उपयोग करते हुए मैडम को ही डीडीए पावर देने के निर्देश दिए हैं। जिसके चलते आनन फानन में मैडम के डीडीए पावर देकर ट्रेजरी में हस्ताक्षर भी मैच करा दिए, तब ऐसा लगा कि सारी बधाए दूर हो गई और वेतन निकालने ही वाला था कि अचानक भोपाल से फरमान आ गया कि प्रोवीजनल पीरियड के दौरान किसी अधिकारी को डीडीए पावर न दिए जाए, इसके बाद फिर वेतन निकलते निकलते रह गया अब फिर एमएल गर्ग के डीडीए पावर से वेतन आहरण होगा लेकिन इससे पहले उन्हें ट्रेजरी जाकर अपने हस्ताक्षर दोबारा मैच कराने पड़ेंगे।

## गंभीर एक्सीडेंटों के दौरान भी पीएचसी ढोढर में बरती जाती है मानवीय असंवेदनाए

# ढोढर पीएचसी: बस नाम के लिए दो डॉक्टर पदस्थ इलाज की जगह मरीजों को किया जाता है रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कहने को तो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ढोढर में दो डॉक्टरों की पदस्थापना है। लेकिन यह पदस्थापना बस नाम की है,क्योंकि दो डॉक्टरों में से एक डॉक्टर को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जिला टीकाकरण अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपकर जिला मुख्यालय पर बुलवा लिया है। वहीं दूसरा डॉक्टर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए आने वाले मरीजां का इलाज करने के बजाए उन्हें सीधे रैफर कर देता है। ढोढर के लोगों ने यहा तक भी आरोप लगाए है कि एक्सीडेंटों के दौरान भी ढोढर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ अमला मानवीय संवेदनाओं का परिचय देने के बजाए घायलों को इलाज उपलब्ध कराने की जगह उन्हें सीधे रैफर कर देता है, कई बार इसका खामियाजा एक्सीडेंट में घायल लोगों को अपनी जान देकर चुकाना पडता है।

ढोढर के नागरिकों का कहना है कि बुधवार को जब ट्रैक्टर-ट्रॉली चंबल नहर में पलट जाने से घायल हुए लोगों को तत्काल वहां से




### एक साल बाद भी धरातल पर नहीं उतरी सीएससी की सौगात

यूं तो एक साल पहले ढोढर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को पदोन्नत करते हुए यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने की सौगात मप्र सरकार के द्वारा दी जा चुकी है। लेकिन यह सौगात एक साल का समय बीतने के बाद भी अभी तक धरातल पर उतर नहीं सकी है। हालांकि सीएससी भवन बनाए जाने के लिए जमीन चिन्हित हो गई है,मगर सीएससी भवन बनकर तैयार भी नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों की मांग है कि सीएससी को जल्द से जल्द धरातल पर उतारा जाए और यहां स्वास्थ्य सेवाए बढाई जाए।

निकालकर ढोढर अस्पताल में इस उम्मीद के साथ पहुंचाया गया कि वहां उन्हें तत्काल इलाज मिल जाएगा और उनकी जान बच सकेगी। लेकिन मदद करने वाले लोग जब सभी गंभीर घायलों को ढोढर अस्पताल लेकर पहुंचे तो वहां पदस्थ अमले ने घायलों को तत्काल इलाज उपलब्ध करने के बजाए उन्हें सीधे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया है। जिला अस्पताल की दूरी ढोढर से 35 किलोमीटर से ज्यादा है। इसलिए चारों गंभीर घायलों को जिला अस्पताल श्योपुर में पहुंचने पर मृत घोषित कर दिया।

लोगों का कहना है कि यदि ढोढर में इलाज की उपलब्ध होता तो शायद एक दो की जान सकती थी। इसके पहले भी जब राजस्थान की एक जीप ढोढर के पास चंबल नहर में गिरी तो उसमें घायल युवक रमाकांत शर्मा को भी उठाकर तत्काल ढोढर अस्पताल लाया गया,मगर तब भी ढोढर अस्पताल में इलाज नाम की कोई सुविधा नहीं मिल सकी। जिसकारण रमाकांत की मौत हो गई।

### डिलीवरी भी सुविधा शुल्क दिए बिना नहीं होती

ढोढर क्षेत्र के लोगों का यह भी आरोप है कि ढोढर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डिलीवरी की सुविधा भी उपलब्ध है,मगर यहां पदस्थ स्टाफ भी डिलीवरी के लिए पहुंचने वाली प्रसूताओं की डिलीवरी सुविधा शुल्क दिए बिना नहीं करता है। जो सुविधा शुल्क देने मे आनाकानी करते है,उनकी प्रसूताओं को गंभीर स्थिति बताकर रैफर करने में देर नहीं लगाई जाती। ढोढर निवासी छोटेलाल और मांगीलाल का कहना है कि इन स्थितियों के बारे में कई बार संबंधितों को बता दिया गया है,लेकिन कोई सुधार नहीं किया जा रहा है।

### इनका कहना...

ढोढर पीएचसी में इलाज के नाम पर कुछ नहीं है। यहां सिर्फ मरीजों को रैफर किया जाता है। मुख्यमंत्री को भी ट्वीट करके ढोढर अस्पताल के हालातों के बारे में बताते हुए सुधार करवाए जाने का आग्रह किया है।

**अभिषेक अवस्थी**
**मंडल अध्यक्ष परशुराम सेना युवा ईकाई ढोढर**

ढोढर पीएचसी में डिलीवरी के लिए आने वाली प्रसूताओं को भी ज्यादातर रैफर ही किया जाता है। बस उन्हें प्रसूताओं की डिलीवरी कराई जाती है,जिनसे उन्हे सुविधा शुल्क मिल जाती है।

**मांगीलाल स्थानीय निवासी**

वैसे तो ढोढर पीएचसी में डॉक्टर सहित प्राथमिक चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध है। लेकिन जिन समस्याओं के बारे में आप बता रहे है,उनका पता करवाते हुए उनमें सुधार की कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ जेएस राजपूत**
**सीएमएचओ,श्योपुर**


# श्यामबाबू चला रहा था ट्रैक्टर, ब्रेक लगाने से नहर में गिरकर पलट गई थी ट्रॉली

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

चंबल दाहिनी मुख्य नहर में गिरकर दुर्घटना का शिकार हुई ट्रैक्टर ट्रॉली अचानक ब्रेक लगाने से असंतुलित होकर नहर मे गिरकर पलट गई। इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार का ही सदस्य श्यामबाबू माली ट्रैक्टर ट्रॉली चला रहा था। जिसके खिलाफ ढोढर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।यहां बता दें कि खिरखिरी से मुंडन संस्कार कराने के लिए श्यामपुर क्षेत्र स्थित टोडी माता मंदिर पर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली बुधवार को चंबल नहर में गिरकर दुर्घटना का शिकार हो गई। जिनमें 4 लोगो की मौत और 4 लोग घायल हो गए।

इस मामले की पुलिस की प्रारंभिक जांच के दौरान यह बात सामने आई कि परिवार का ही श्यामबाबू माली इस ट्रैक्टर को चला रहा था। बलावनी और टर्राकलां के बीच अचानक उसका ध्यान ट्रैक्टर से हट गया तो ट्रैक्टर नहर की तरफ जाने लगा। ऐसे में उसने हडबडाहट में ब्रेक लगा दिया। चूंकि ब्रेक की पत्ती खुली हुई थी,इसलिए ब्रेक उसी तरफ का दबा, जिस तरफ नहर थी। ब्रेक दबते ही ट्रैक्टर रूकने के बजाए एक पहिए से चंबल नहर की तरफ मुड गया और फिर नहर में गिर गया। ढोढर थाना प्रभारी रामवरन सिंह तोमर ने बताया कि पीएम के बाद चारों के शव परिवार के लोगो को सौंप दिए है। वहीं घायलों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। इस मामल में श्यामबाबू माली निवासी खिरखिरी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### सीएम ने जताया दुख, दिलाया यथोचित मदद का भरोसा




मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस सडक हादसे को लेकर दुख व्यक्त किया है। साथही भरोसा दिलाया कि मृतकों के परिजनों सहित घायलां को शासन प्रशासन की ओर से यथोचित मदद उपलब्ध कराई जाएगी। सीएम ने अपने फेसबुक अकाउंट पर लिखा है कि बाबा महाकाल दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणो में स्थान दे और परिजनां को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। साथही घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की है।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाने के अंतर्गत स्थानीय विदिशा रोड पर एक चार पहिया वाहन जिसका नंबर एमपी 07 सीजी 0323 के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर एक व्यक्ति को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई है। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम नावनी निवासी राजवीर पुत्र रागवीर सिंह बुदेला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बस क्रमांक एमपी 09 पीए 0411 के अज्ञात चालक ने ग्राम लकड़या चक्क के सामने उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई है।

### बिजली का करंट लगने से 5 वर्ष के बालक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के मुगावली थाने के अंतर्गत 5 वर्षीय बालक अनुभव पुत्र दिलीप यादव निवासी वार्ड नंबर 1 को करंट लग गया था। जिसके बाद उसे उपचार के लिए मुगावली अस्पताल लाया गया। जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिनौतिया पछार निवासी वतीबाई पत्नी नारायण सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी जगदीश और बद्री अहिरवार ने उससे डंडो से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लखेरी चक्क निवासी भरत सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी सुनील सतीष और राजू यादव ने फरियादी की मेड को लेकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमनाई निवासी जगपाल सिह यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी रामकुमार यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### माधवी राजे सिंधिया के निधन से जिले में शोक की लहर

**अशोकनगर।** जिले की राजनीति में ग्वालियर राजमहल से अपना नाता रखने वाली माधवीराजे सिंधिया के देवलोक गमन की जानकारी मिलने के बाद अशोकनगर जिले मे शोक की लहर है। जिले से बड़ी संख्या मे ग्वालियर घराने से जुड़े लोग उनकी अंतिम शव यात्रा में भाग लेगे। माधवीराजे सिधिया अशोकनगर जिले मे जब जब भी घरान के किसी सदस्य ने चुनाव लड़ा वह हमेशा चुनावों में आती रहीं। जब जब भी सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन हुए तब सिंधिया घराने की ओर से वह हर आयोजन मे शामिल होती थी और ज्योतिरादित्य राजमाता माधवीराजे सिंधिया का परिचय भी कराते थे। नेपाल के राजघराने की बेटी और ग्वालियर के जयविलास पैलेस मे बहु बनकर आई माधवीराजे सिधिया अशोकनगर जिले में हमेशा आती जाती रही। जब जब माधवराव सिधिया ने इस क्षेत्र से लोकसभा के चुनाव लड़े। तब तब उन्होंने जीवन संगिनी के रूप मे अपने पति के लिए वोट मांगे। बाद में जब माधवराव सिंधिया अचानक चल बसे तब उन पर और भी बड़ी जिम्मेदारियां आ गई। ज्योतिरादित्य सिंधिया हमेशा उनकी राय लेते रहे।

---

कई निजी भूमियां तो कई शासकीय भूमि भी शामिल, सीमांकन में अभी लग सकते हैं और दो दिन

# कोर्ट के आदेश पर भूमि का सीमांकन करने पहुंचा प्रशासन





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय पर देहात थाने के समीप भूमि के सीमांकन को लेकर एसडीएम अनिल बनवारिया के नेतृत्व मे प्रशासन का अमला कोर्ट के निर्देश पर सीमांकन करने पहुचा। इस दौरान प्रशासन की टीम जिसमे तहसीलदार ,पटवारी ,आर आई शामिल है उनके द्वारा भूमि की जाच की गई। यह जाच का पहला दिन था। यह जाच अभी दो दिन और चलने की संभावना है।

सीमांकन को लेकर न्यायालय द्वारा आदेश जारी किए गए थें। उस आदेश को लेकर यह जाच जारी है। जिसमे तीन ग्रामो की भूमिया और देहात थाने के साथ नगरपालिका की भूमि भी शामिल है। इस भूमि को सीमाकंन को लेकर एसडीएम अनिल बनवारिया ने बताया कि कोर्ट द्वारा एसडीएम को यह निर्देश दिए गए थे। जिसमे एसडीएम को कमीश्नर बनाया गया है। जिसमे निजी क्षेत्र की पांच भूमिया है जो तीन ग्रामो की है और शासकीय भूमियो मे देहात थाना ,नगरपालिका की भूमि है। उधर दूसरी ओर जिनकी भूमि है उसमे संजय पटेल ने बताया कि 178 नंबर की भूमि नगरपालिका की है। जहा नगरपालिका ने ली है। 87 नंबर की भूमि देहात थाना और विघुत विभाग के अंतर्गत हैं। इन सभी भूमियो का सीमांकन होना है। जिसके सीमांकन का पहला दिन था। इस दौरान बडी संख्या मे लोगो की भीड जमा थी। भरी दोपहर मे सीमांकन की प्रक्रिया पूरी होती रही।



उक्त भूमि का सीमांकन पूरा होने के बाद जाच रिपोर्ट न्यायालय को सोपी जाएगी। उसके आधार पर यह तय होगा कि कौन सी भूमि किसकी है। अशोकनगर जिले मे जमीनो का मामला बडे पैमाने पर उभर कर सामने आ रहा है। जमीन किसी की है कब्जा किसी का है और तो और शासकीय जमीनो की भी हेराफेरी बडे पैमाने पर हो रही है। इन जमीनो को लोगो ने अपनी निजी जमीन मे मिला लिया है। कई जगह प्लाट भी बेच दिए गए है। हर रोज जमीनो का मामला सामने आ रहा है।

### शाढौरा में दो गुट आपस में भिड़े

जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर शाढौरा कस्बे मे जमीन की नपती को लेकर चला आ रहा विवाद बडे घटनाक्रम मे तब्दील हो गया। यह मामला शाढौरा कस्बे से निकली अशोकनगर गुना रोड को लेकर है। यह सडक जबसे निकली है। तबसे ही विवाद चला आ रहा है। यह विवाद जिनके बीच मे है। वह शाढौरा के दोनो ही असरदार लोग हैं जिनमे सुधीर रघुवंशी और दूसरे विजय सिंह रघुवंशी हैं। शाढौरा के तहसीलदार आनंद जैन द्वारा इस जमीन की नपती कराने के लिए टीम भेजी गई थी। जिसे लेकर वहा विवाद की स्थिति पैदा हो गई और दोनो गुट आपस मे भिड गए। जिसमे दोनो पक्षो के लोग घायल हुए हैं इन दोनो ही पक्षो के द्वारा शाढौरा थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

---

# महाविद्यालय परिसर में पेड़ काटने के मामले में कई सवाल आए सामने, जिन पर भी जांच जरूरी





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर में बेरहमी से काटे गए पेड़ों के मामले में तीन सदस्यीय कमेटी एसडीएम द्वारा तैयार की गई थी। इस समिति के द्वारा जांच रिपोर्ट प्रदान की जाना है लेकिन मौके पर जो सवाल नजर आ रहे हैं उन सवालों पर जांच की जाना भी जरूरी है।

नेहरू महाविद्यालय में उन पेड़ों में अकेले यूके लिप्टिस के पेड़ नहीं है उसमें कई पेड़ ऐसे भी है जो बेस कीमती है। यहां तक बताया गया है कि उसमें कुछ चंदन के पेड़ भी हैं जिन्हें काट दिया गया इन सब काटे गए पेड़ों के पीछे की कहानी अभी भी समझ से परे है। इन पर जांच होना जरूरी है कि आखिर महाविद्यालय परिसर में पार्क के विकास के लिए पेड़ काटने की बात सामने आई थी लेकिन इसके अलावा पार्क के बाहर भी कई पेड़ों को काट दिया गया। बड़े पेड़ों को काटने के कारण कई छोटे पेड़ भी जमीदोज हो गए। महाविद्यालय में अब पेड़ दूर-दूर तक नजर नहीं आतें। आखिर पेड़ों के काटने की कहानी कोई एक दिन की तो नहीं है इन पेड़ों को काटने में कई दिन लगे होंगे।

अगर इन पेड़ों के काटने की बात करें तो महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए एस लहरिया स्वास्थ्य खराब होने के कारण बाहर प्रवास पर है उनके द्वारा प्रभार किसको प्रदान किया गया था यह जांच भी की जाना आवश्यक है। यह भी जरूरी है कि यह पेड़ काटने के आदेश किसके द्वारा दिए गए थे किसके आदेश पर पेड़ों को काटा गया और अगर पेड़ों को काटा जा रहा था तब महाविद्यालय का प्रशासन क्या कर रहा था। वहां पर मौजूद क्या कर रहा था वहां पर मौजूद जो चपरासी आदि है वह क्या कर रहे थे उनके द्वारा इसको क्यों नहीं रोका गया। पेड़ काटने के साथ-साथ इस पार्क के चारों ओर लोहे की जालियां लगी थी वह जालियां भी गायब है। आखिर वह कहां चली गई इसका भी कोई अता पता नहीं है।यह भी उल्लेखनीय कि अगर किसी को महाविद्यालय का प्रभार दिया गया था तो उनके द्वारा प्रभार पर मौके पर मौजूद थे या नहीं। किसी भी प्रोफेसर या प्रभारी के द्वारा मेडिकल लगाया जाता है तब मेडिकल किसको प्रदान किया जाता है क्या कलेक्टर कार्यालय में जमा किया जाता है किसकी निगरानी में मेडिकल रहता है। आचार संहिता के चलते हुए मेडिकल पर चले जाएं और मेडिकल की जानकारी जिले के अधिकारियों को न हो इसकी भी जांच होना चाहिए। यह सब बड़े मामले हैं जो महाविद्यालय में जांच को खड़ा करते हैं। इस पर भी जांच होना जरूरी है। ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं महाविद्यालय में न हो सके।

## बाइक पेड़ से टकराई, युवक हुआ घायल, भर्ती कराया



**अशोकनगर।** जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत स्थानीय शाढौरा निवासी 24 वर्षीय युवक अपने गाव से वापिस आते समय शाढौरा के पास बमूरा के पेड से युवक की बाइक टकरा गई। जिसमे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मुह मे जीव कट गई। युवक का उपचार जिला अस्पताल मे किया जा रहा है। युवक की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरो ने युवक को उपचार के लिए भोपाल जाने की सलाह दी है। परंतु युवक का कहना है कि उसके पास इतना पैसा नही है कि वह भोपाल मे इलाज करा सके। घर पर उसकी एक बेटी और बेटा है पत्नी है नही वह उनकी देख रेख करता है।

इसलिए वह अशोकनगर मे ही रहकर इलाज कराना चाहता है। जीव अधिक कटी होने के कारण डॉक्टर उसे भोपाल जाने की कह रहे है। उसने कहा कि उसके पास आयुष्मान कार्ड है और वीपीएल कार्ड भी है।

अशोकनगर जिला व गुना जिले मे भी अस्पताल होगे जहा मेरा उपचार हो सकता है। डॉक्टरो को चाहिए कि वह उन अस्पतालो मे मेरा उपचार कराए जिससे मे अपने बच्चो की देखरेख भी कर सकू और परिवारजनो के साथ रह सकू।

### घर के पीछे से घुसे बदमाश, अलमारी और पेटी में रखे सोने के जेवर और नगदी किए पार

**अशोकनगर।** जिले के अशोकनगर पिपरई सडक मार्ग पर ग्राम पिपनावदा मे वीती रात अज्ञात बदमाशो ने एक चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस घटना मे बदमाश मकान मे पीछे से घुसे और अलमारी और लोहे की पेटी मे रखे सोने के जेवर व नगदी ले उडे। लगभग 15 तौला सोना और 68 हजार रूपए नगदी चोरी कर ले गए। घटना पिपनावदा के ग्रामीण शिवनारायण बटवार के घर मे हुई। वह अपने परिवार के साथ खाना खाकर सो गए थे। रात मे लगभग 2 से 3 बजे के बीच यह बदमाश घर के पिछले हिस्से से मकान के अंदर आए और जिस कमरे मे लोग सो रहे थे उसकी बाहर से कुंदी लगा दी और अंदर वाले कमरे मे रखी अलमारी और लोहे की पेटी मे रखे सामान चोरी कर ले गए। बाद मे किसान के घर की छत पर टंकी देखने के लिए जो सीढी रखी है। उस सीढी से छत पर जाकर बाहर निकल गए। इस घटना मे सोने का हार ,सोने की चैन,झुमकी ,चादी की पायल बिछूडी नगदी रूपए आदि सामान बदमाश चोरी कर ले गए है। शिवनारायण बटवार ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

---

## राजपुर में रामलीला का आयोजन कलाकार ले रहे हैं भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

राजपुर मे रामलीला का आयोजन 13 मई से स्थानीय कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। जो पिछले अनेक वर्षों से चला आ रहा हैं। सर्व प्रथम हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना कर रामलीला मंच पर विधि विधान से पूजा की गई। रामायण जी की आरती कर शुभारंभ किया गया। पहले दिन शिव नारद संवाद, नारद मोह, रावण कुंभकर्ण विभीषण ने शिवजी की तपस्या की आदि का मंचन दिखाया गया जिससे शिवजी ने प्रसन्न होकर वरदान दिया। दूसरे दिन लीला में



राम भरत शत्रुघ्न लक्ष्मण जन्म उत्सव मनाया गया।

इसी के साथ ताड़का वध के साथ जानकपुरी में धनुष यज्ञ का आयोजन रखा गया इसमें देश-विदेश के राजा महाराजा धनुष यज्ञ देखने पहुंच रहे हैं विश्वामित्र जी ने राम जी से कहा की आप भी हमारे साथ जनकपुरी चलें यह सब रामलीला मे देखने को मिला।

## कार्यशाला में भाग ले रहे बच्चों में देखने को मिल रही रचना शीलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा), अशोकनगर द्वारा आयोजित अठारहवीं बाल, किशोर एवं युवा नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को पांचवां दिन था। जिसमे साठ से ज्यादा बच्चे कार्यशाला में आए थे।

कार्यशाला स्थल ब्लू चिप स्कूल है जो रेल्वे क्रॉसिंग के उस तरफ है। हरिओम राजौरिया ने बताया कि यह स्कूल रंगकर्मी, चित्रकार, गीतकार और रामलीला के लिए संवाद लिखने वाले (स्व.) राजकुमार रघुवंशी के बेटे दिलीप ने बनवाया था जो कोरोना के दरम्यान नहीं रहे। अब इस स्कूल के संचालक समाजसेवी और संस्कृतिकर्मी डॉ. प्रकाश रघुवंशी हैं जिनके सहयोग से कार्यशाला के लिए यह स्कूल पिछले तीन सालों से हमे निःशुल्क मिल रहा है।



कार्यशाला में जितने लड़के हैं उनसे दो गुने से भी ज्यादा लड़कियां हैं। अच्छी बात यह है कि नाटक के लिए इस बार जो युवा निर्देशक बाहर से आई हैं वह भी लड़की ही है, जिनका नाम अंजली है और वो एनएसडी से डिप्लोमा हैं। इस बार बच्चों को संगीत सुरभि जैन सिखा रही है जो गायन में स्नातकोत्तर है और संगीत में पीएचडी कर रही है। सुरभि अशोकनगर इप्टा की कार्यशाला से ही निकली है और नवोदय विद्यालय में संगीत की शिक्षिका बन गई है। लोक नृत्य के लिए सागर से निक्की बाबा आए हैं।

लड़कियों में सीखने की लगन और उत्साह लड़कों से ज्यादा है। एक दर्जन से ज़्यादा लड़कियां लम्बी दूरी पैदल चलकर शहर की सुदूर बस्तियों से आती हैं और व्यायाम की क्लास के बाद संगीत की कक्षा शुरू होने तक शिविर में पहुंचती हैं। वे वैकल्पिक रूप से पैदल चलकर व्यायाम की कमी को पूरा कर लेती हैं। धूप में लौटने के लिए सीमा ने उनके लिए ऑटो की व्यवस्था कर दी है। बच्चे सुबह 6 बजे से लेकर 11.30 तक कार्यशाला में रहते हैं । हम आधा घंटे का वैचारिक सत्र भी रखते हैं। कल पंकज दीक्षित बोला था। आज मैंने हिन्दी नाटक और इप्टा के इतिहास पर बात की। बहुत सारे बच्चे डायरी भी लिखकर का रहे हैं जिसमे उनके अपने विचार होते हैं।

---

बैठने की जगह नहीं, रास्ता भी गड्ढों से भरा, जिम्मेदार बेखबर

# बस स्टैंड पर नहीं मिल रही लोगों को सुविधा, पानी के लिए भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर शहर का नया बस स्टैंड समस्याओं से घिरा हुआ है यहां से प्रतिदिन 100 से अधिक बसों का संचालन होता है लेकिन आने जाने वाले लोगों के लिए सुविधा नहीं मिल रही है यहां पर बने हुए गड्ढे और पानी के लिए भटकते हुए लोग देखे जा सकते हैं।







इसके अलावा यहां देखरेख करने वाला भी कोई नहीं है अशोकनगर का बस स्टैंड शहर के सार्वजनिक स्थान में से एक है अशोकनगर जिले से प्रतिदिन 100 से अधिक बसो का संचालन तो होता ही है साथ ही यहां से पड़ोसी जिला गुना और शिवपुरी के लिए भी प्रतिदिन बसें नियमित रूप से जाती है इसके अलावा लंबी दूरी के बसों का आवागमन भी होता है । यह सभी बसों के आवागमन के लिए वैसे तो बस स्टैंड एक है ही लेकिन इसके अलावा शहर में अस्थाई रूप से बस स्टैंड पुराने स्थान पर भी चलता है। कई जगह लोगों ने बसों को अपने घरों के बाहर रखने की सुविधा कर





रखी है जिसके कारण रास्तों में यह बसें रखी रहती है कई जगह पेट्रोल पंपों पर इन बसों को खड़ा करके रखा जाता है।

यहां देखा गया कि बस स्टैंड पर जमीनी स्तर पर पेवर्स लगे हैं यह पेवर्स कई जगह उखड़े पडे है और वहा बड़े-बड़े गड्ढे तब्दील हो गए हैं यहां पहली बात तो यह है कि पेवर्स लगाना ही नहीं चाहिए क्योंकि भारी वाहन आने के कारण यह पूरे टूट जाते हैं और गडडो का रूप धारण कर लेते हैं या बसे डगमगाती हुई चलती है जिससे हमेशा पलटने का खतरा बना रहता है इसके अलावा यहां सफाई की कमी भी हमेशा दिखती है। यहां पानी के कोई संसाधन नहीं है। पानी के लिए नल तो लगाए गए हैं लेकिन नलों में नहीं आता है इस संबंध में प्राइवेट बस ओनर्स एसोसिएशन ने कहा कि नगर पालिका उनसे बसो की राशि वसूलती है और उसके अलावा और सुविधा उपलब्ध नहीं करती उधर दूसरी ओर नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया का कहना है कि बस स्टैंड पर जल्दी ही सुविधाएं प्रदान की जाएंगे जो कमियां हैं उन्हें दूर की जाएंगी।

## सीईओ ने आयुष्मान कैंप का निरीक्षण किया

**अशोकनगर।** बुधवार को डॉ. नेहा जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अशोकनगर के द्वारा जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत पीलीघटा के ग्राम खैजरा अटारी के मजरा किधेरा आदिवासी चक्क पर आयोजित आयुष्मान कैंप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने ग्राम में बन रहे आयुष्मान कार्डो की जानकारी ली एवं ग्रामीणो से चर्चा कर समस्या सुनी एवं जल्द से जल्द निराकरण कराये जाने संबंधित ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया। साथ ही ग्रामवासियों द्वारा ग्राम में आ रही पेयजल समस्या एवं 24 घंटे विद्युत प्रदाय करने हेतु स्थल पर ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत



द्वारा पीएचई विभाग एवं विधुत विभाग को निर्देशित कर समस्या का जल्द ही निराकरण कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही ग्राम में आधार कैंप लगाये जाने एवं आगनवाडी कार्यकर्ता को ग्राम के बच्चों को ज्भ्त प्रदाय करने के निर्देश विभाग प्रमुखों को दिये गये साथ ही 07 दिवस बाद पुनः ग्राम में समीक्षा बैठक किये जाने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा दिए गए।